सं:1:05:138:II:C

दिनांक: 1 जून, 2020

National Stock Exchange of India Limited, Listing Department, Exchange Plaza, Bandra - Kurla Complex, Bandra (E) **MUMBAI - 400 051.** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051	**Bombay Stock Exchange Limited,** Department of Corporate Services, Floor - 25, PJ Towers, Dalal Street, **MUMBAI - 400 001.** बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25, पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001

विषय: **1. पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में अध्यक्ष प्रबंध निदेशक के रूप में श्री राजीव शर्मा के कार्यकाल का समापन**
2. पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में श्री आर.एस. ढिल्लों का पदभार ग्रहण

महोदय/ महोदया,

सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015, के विनियम 30 के अनुसरण में, हम एतदद्वारा निम्नलिखित सूचित करते हैं:

I. पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में अध्यक्ष प्रबंध निदेशक के रूप में श्री राजीव शर्मा के कार्यकाल का समापन

बदलाव का कारण	विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 3 अक्तूबर, 2016 के पत्राचार, आदेश सं. 8/2/2015-पीएफसी डेस्क के अनुसरण में, श्री राजीव शर्मा को पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में दिनांक 1 अक्तूबर, 2016 से पद के प्रभार ग्रहण की तारीख से पांच साल की अवधि के लिए, या उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख अर्थात दिनांक 31.05.2020 तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, नियुक्त किया गया। दिनांक 31 मई, 2020 को उक्त कार्यकाल पूरा होने पर, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में श्री राजीव शर्मा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में दिनांक 1 जून, 2020 से कार्यकाल समाप्त हो गया।
कार्यकाल समापन की तारीख	1 जून, 2020

II. दिनांक 29 मई, 2020 के हमारे पत्र के अनुसरण में, यह सूचित किया जाता है कि दिनांक 7 अप्रैल, 2020 के विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश सं. 24-8/1/2019-पीएफसी (विद्युत मंत्रालय) एवं दिनांक 29 मई, 2020 को निदेशक मंडल द्वारा अपनी बैठक में पारित संकल्प के अनुसार, श्री आर.एस. ढिल्लों ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पदभार दिनांक 1 जून, 2020 से ग्रहण कर लिया है।

सूचनार्थ एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,

कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
मुख्य महाप्रबंधक (सीपी एवं कंपनी सचिव)
mb@pfcindia.com